बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.....111.....

दिनांक ....21/8/2008....

अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295

(M) 9939469410

(R) 0612-2526123

+ + +

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672

(O) 9334387630

(F) 0612-2504498

(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद

(M) 9934280177

(O) 0612-2219693

+ + +

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417

(O) 9431818484

+ + +

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार

(M) 9431093157

(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

+ + +

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

+ + +

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901

(O) 9334387555

सेवा में,

प्रधान सचिव,
राजस्व विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः–अंचल में अंचल निरीक्षक/अमीन/राजस्व कर्मचारी/सहायकों के रिक्त पदों पर पदस्थापन एवं अन्तर्विभागीय समन्वय में कमी के सम्बन्ध में।

महाशय,

ऐसा देखा जा रहा है कि अंचल स्तर पर अंचल निरीक्षक/अमीन/राजस्व कर्मचारी/सहायकों की रिक्तियों के विरूद्ध विगत कई वर्षो से पदस्थापन नहीं हो रहा है। जिसके कारण कर्मियों की घोर कमी है। इन कमी के कारण राजस्व कार्य का निष्पादन करने में अंचल अधिकारी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई ऐसे अंचल हैं जहाँ अंचल निरीक्षक का कार्य कर्मचारी से लिया जा रहा है। अंचल अमीन की कमी के कारण एक अमीन से कई अंचल का कार्य लिया जा रहा है। इसी प्रकार एक कर्मचारी को एक से अधिक हल्का कार्य लिया जाता है। सहायकों की कमी के कारण अंचल कार्यालय का कार्य भी सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। इसी प्रकार प्रखण्डों में भी कर्मियों की घोर कमी है, जिसके लिए अलग से ग्रामीण विकास विभाग को भी अनुरोध किया जा रहा है।

ज्ञातव्य है सभी अंचल अधिकारी प्रखंड विकास विकास पदाधिकारी के ही प्रभार में हैं। इसके अतिरिक्त चुनाव कार्य/बाढ़ राहत कार्य/ बी.पी.एल. कार्य/ पल्स पोलियो/ राशन कूपन व अन्य कार्य भी लिये जाते हैं। प्रायः देखा जाता है कि अलग–अलग विभाग द्वारा एक हीं समय में कई कार्य अंचल–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक समय सीमा में करने को कहा जाता है। कर्मी के आभाव में सभी कार्यों का निष्पादन समय सीमा में करना कठिन हो जाता है।

यह एक विकट समस्या है। लोक कल्याणकारी राज्य के स्थापना के उपरान्त सरकार द्वारा प्रखंड को ही बुनियादी इकाई मानते हुए सभी प्रकार के कल्याणकारी, प्रशासनिक एवं विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण का भार प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी को सौंपा गया है।

अतः यह आवश्यक है कि अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित की जाय एव अंचल स्तर पर बुनियादी ढाँचे को मजबूत किया जाय तथा इनमें आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायी जाय। अंचल स्तर पर अंचल निरीक्षक/अमीन/राजस्व कर्मचारी/सहायकों की सभी रिक्तियों पर अविलम्ब पदस्थापन किया जाय ताकि सरकार द्वारा दिये गये कार्यो का अंचल अधिकारी द्वारा सुचारू रूप से एवं योग्यता के अनुरूप निवर्हन किया जा सके।

विश्वासभाजन

Sushil कुमार

महासचिव

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ